BSES

माखन नहीं, बिजली चुरा रहे थे श्रीकृष्ण भक्त

जन्माष्टमी पर 9 कृष्ण भक्त 450 किलोवॉट बिजली चोरी करते पकड़े गए

- करीब 2 करोड़ का जुर्माना
- आईपी एक्सटेंशन के मंदिर में भी बिजली चोरी
- बीएसईएस की अपील– धार्मिक आयोजनों के लिए लें अस्थायी कनेक्शन

नई दिल्ली, **5** सितंबर; **2007**। राम के नाम को बदनाम न करो ..... आपने यह गाना जरूर सुना होगा। यह गाना कहीं और सटीक बैठता हो या नहीं, लेकिन दिल्ली में श्रीकृष्ण के कई भक्तों पर पूरी तरह से फिट बैठता है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बीएसईएस ने कल रात जन्माष्टमी के मौके पर रास लीला का आयोजन कर रहे **9** धार्मिक स्थलों पर छापेमारी कर वहां **450** किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी। ये सभी निकट से गुजर रहे बीएसईएस के एलवी मेन्स पर कटिया लगाकर बिजली की सीधी चोरी कर रहे थे। यहां चोरी की बिजली से जन्माष्टमी पर कार्यक्रम चल रहे थे।

छापेमारी के दौरान शाहदरा में जीटीबी अस्पताल के पास मुख्य रामलीला ग्राउंड में करीब **100** किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई, वहीं विवेक विहार डी ब्लॉक स्थित श्रीराम मंदिर में **72** किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई और सनातन धर्म मंदिर के पास कृष्णा मंदिर गली शंकरपुरी में **68** किलोवॉट की चोरी पकड़ी गई। इधर, सी–**4** यमुना विहार सिथत सनातन धर्म राम नाथ वाला मंदिर में **67** किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई, तो वहीं सी–**2** यमुना विहार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर में **43** किलोवॉट की चोरी पकड़ी गई।

दयानंद विहार में रघुनाथ मंदिर सनातन धर्म सभा में **41** किलोवॉट, तो दूसरी ओर आईपी एक्सटेंशन में प्लॉट नंबर– **31** स्थित भारत सनातन धर्म मंदिर में **38** किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई। उधर, जगतपुरी के बी–**38** बी अनारकली गार्डन में **15** किलोवॉट और जगतपुरी ए ब्लॉक में **4** किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई। कुछ कृष्ण भक्त इतने दिलेर हैं कि पुलिस चौकी से बिल्कुल सटे हैं कि पुलिस चौकरी से बिल्कुल सटे होने के बावजूद वे बिजली चोरी कर रहे थे।

इन सभी मंदिरों/ मैदानों में चोरी की बिजली से धार्मिक आयोजन करने वाले आयोजकों के खिलाफ भारतीय बिजली कानून और डीईआरसी के नियमों के हिसाब से कार्रवाई की जा रही है। इन पर करीब **2** करोड़ रूपये का जुर्माना किया जा रहा है।

बीवाईपीएल के सीईओ अरूण कंचन का कहना है कि चूंकि दशहरा, दीवाली, रामलीला आदि आदि अब शुरू होने वाले हैं, ऐसे में कंपनी अपने सभी उपभोक्ताओं/ मंदिरों/ संस्थाओं से अपील करती है कि वे ऐसे आयोजनों के लिए बिजली का अस्थायी कनेक्शन लें और धर्म के नाम पर चोरी न करें। इसके लिए कंपनी के दफ्तरों में खास व्यवस्था की गई है और उन्हें ऐसे आयोजनों के लिए बिना देरी किए, जल्द से जल्द बिजली के अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। श्री कंचन ने कानून से जुड़ी एजेंसियों से भी अपील की कि वे किसी भी धार्मिक संस्था को कार्यक्रम की अनुमति देने से पहले यह जरूर देख लें कि उसके पास बिजली के वैध कनेक्शन हैं या नहीं।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।